नगर निगम, रतलाम अखबार- तेज एक्सप्रेस पृष्ठ 03 दिनांक 08/02/2021

# अब सायरन के साथ शुरु होगी अब शहर में सफाई

रतलाम । शहर में सुबह और दोपहर के समय सफाई शुरु होती है, इसकी जानकारी आमजन तक पहुचाने के लिए नगर निगम रतलाम रविवार से एक नया प्रयोग शुरु करने जा रही है जिसके चलते सुबह 6.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे सायरन की आवाज सुनाई देगी। प्रथम चरण में यह प्रयोग व्यापारिक क्षेत्रों से शुरु किया जा रहा है।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नम्बर -1 बने इस हेतु सिविक सेन्टर स्थित मिटिंग हॉल (एसबीएम सेल) में आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि रविवार से नगर निगम का समूचा अमला- शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु सौंपे कार्यों को प्रारंभ करें।

आयोजित बैठक में डॉ0 हिमांशु शुक्ला व श्री सुशील द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के एमआईएस डेश बोर्ड के बारे में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हम स्वच्छता के क्षेत्र में किस प्रकार से कार्य करके रतलाम को स्वच्छता के क्षेत्र में रतलाम को नम्बर 1 बना सकते है।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस दौरान कहा कि रतलाम को स्वच्छता के क्षेत्र में देश में नम्बर 1 बनाया जा सकता है बस इसके लिये मेहनत व लगन होना आवश्यक है साथ ही नागरिकों की सहभागिता इसमें महत्वपूर्ण है इसके लिये इस अभियान में शहर के अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ा जाये।

बैठक में स्वच्छता रैंकिग में रतलाम को नम्बर 1 बनाने की जानकारी देने आए विशेषज्ञों ने निगम अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीके सहज और सरल तरीके से समझाते हुए कहां कि स्वच्छता क्रांति में शहर के हर व्यक्ति को जोड़ा जाना चाहिए।

आयोजित बैठक में नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों के प्रमुखों को बताया गया कि आमजन के बीच स्वच्छता मेरा संस्कार, रोको-टोकों जैसे अभियान भी लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित कर सकते है।

बैठक में 100 प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्कीकरण पर जोर दिया गया साथ ही नाले और नालियों में कचरा निपटान करने वाले लोगों पर स्पॉट फाईन जैसी कार्यवाही, लोगों की मानसिकता बदलने और लोगों को अपने आसपास का क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए भी प्रेरित किया जाये। बैठक में यह सुझाव दिया गया कि स्वच्छता में नवाचार करते हुए शहर के व्यापारिक क्षेत्रो में सुबह और दोपहर में होने वाली सफाई के दौरान सायरन बजाकर क्षेत्र के लोगों को सूचित किया जाए। इस सुझाव पर रविवार सुबह से अमल किया जाएगा।

आयोजित बैठक में उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्री निशीकान्त शुक्ला, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी0के0 जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, श्री एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय श्री सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, उपयंत्री सर्वश्री बी.एल. चौधरी, विकास मरकाम, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ सोनी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारी, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े के अलावा श्री वासुदेव बैरागी व पत्रकार उपस्थित थे। तेज एक्सप्रेस

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका –पृष्ठ 08 दिनांक 8/2/2021

# जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड तथा अटल उद्यान का निरीक्षण किया

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बने इस हेतु नगर निगम द्वारा त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड व करमदी रोड स्थित अटल उद्यान का निरीक्षण पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील कुमार व निगम अधिकारियों के साथ किया।

निगम आयुक्त झारिया ने पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ. शुक्ला, सुशील कुमार को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर कचरे से बनाई जा रही खाद का अवलोकन कराया तथा कचरा हटाने व वृहद स्तर पर खाद बनाने हेतु चर्चा की गई।

करमदी रोड स्थित टेऊचिंग ग्राउण्ड पर निगम द्वारा विकसित किये गये उद्यान का अवलोकन निगम आयुक्त झारिया ने डॉ. शुक्ला, सुशील कुमार को करवाकर बताया कि निगम द्वारा यहां पर कचरे के ढेर पर उद्यान विकसित किया गया है जिससे कचरे का निपटान होने के साथ ही नगर के नागरिको को शहर का सबसे बड़ा उद्यान प्राप्त हुआ। उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशीकान्त शुक्ला, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, एमके जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, बीएल चौधरी, किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।

# ई वोटर कार्ड : 28 फरवरी तक हो सकेंगे डाउनलोड

रतलाम | भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान जोड़े गए नए मतदाताओं को ई-मतदाता पहचान पत्र डाउनलोड करने की सुविधा बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी है। इस तिथि तक नवीन मतदाता अपने ईपिक कार्ड को डाउनलोड कर सकेंगे, पूर्व में यह तिथि 30 जनवरी नियत थी।

# सायरन के साथ शुरू होगी अब शहर में सफाई

रतलाम। शहर में सुबह और दोपहर के समय सफाई शुरू होती है, इसकी जानकारी आमजन तक पहुचाने के लिए नगर निगम रतलाम रविवार से एक नया प्रयोग शुरू करने जा रही है जिसके चलते सुबह 6.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे सायरन की आवाज सुनाई देगी। प्रथम चरण में यह प्रयोग व्यापारिक क्षेत्रों से शुरू किया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नम्बर -1 बने इस हेतु सिविक सेन्टर स्थित मिटिंग हॉल (एसबीएम सेल) में आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि रविवार से नगर निगम का समूचा अमला शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु सौंपे कार्यों को प्रारंभ करें। आयोजित बैठक में डॉ. हिमांशु शुक्ला व सुशील द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के एमआईएस डैश बोर्ड के बारे में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हम स्वच्छता के क्षेत्र में किस प्रकार से कार्य करके रतलाम को स्वच्छता के क्षेत्र में रतलाम को नम्बर 1 बना सकते है।

अवन्तिका

# नया सवेरा लाऐंगे, रतलाम को स्वच्छ बनाएंगे

दैनिक अवंतिका ● रतलाम



स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत नगर निगम रतलाम शहर के प्रमुख बाजारों, कालोनियों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था को चौक चौबंद रखने के साथ ही अब स्लम बस्तियों को स्वच्छ बनाने में जुट गया है। यहां मूलभूत सुविधाओं को लगातार जहां एक और दुरुस्त किया जा रहा है वहीं इन्ही स्वच्छता की दौड़ में भी अव्वल बनाने के प्रयास तेजी से चल रहे है। शनिवार को शहर के जवाहर नगर सहित आधा दर्जन क्षेत्रों के महिला,पुरुष और बच्चों के बीच स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता संदेश से जुड़े कार्यक्रमों और स्पधाओं में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निकले जागरुकता रैली में नारे लगाए गए कि नया सवेरा लाएगे और रतलाम को स्वच्छ बनाएगें। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और उपायुक्त निशिकांत शुक्ला व स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के मार्गदर्शन और उपस्थिति में जवाहर नगर स्थित सभागृह में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना क्रमांक-१ की अधिकारी श्रीमती चेतना गेहलोत, वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती प्रेरणा तोगडे, उषा लिम्बोदिया आदि उपस्थित रहे।

इस मौके पर उपायुक्त श्री शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी श्री शुक्ला के साथ ही परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में हर नागरिक की हिस्सेदारी होगी तभी स्वच्छता की दौड़ में रतलाम नम्बर-१ बनेगा।

स्वच्छ रतलाम, स्वस्थ्य रतलाम की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रांगोली, क्विज, मेंहदी, भाषण सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन स्पधाओं के निर्णायक डॉ.शहनाज सैय्यद, डॉ.पिंकी बोरीवाल, चेतना गेहलोत और उषा लिम्बोदिया रहे।

स्पधाओं के परिणामों में मेंहदी प्रतियोगिता में तनीषा धवन, मानी, अशुमन चौहान, आशिया को पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह रांगोली प्रतियोगिता में पीहू परमार, टिवंकल बरखा पाटीदार, रोशनी कुरैशी, संध्या तिलोदिया और सानिया कुरैशी को पुरुस्कृत किया गया। भाषण, क्विज आदि स्पधाओं में श्रीमती प्रेमकुंवर सिसोदिया, अनिता जोशी, ब्रजकुंवर राठौर, इन्दुबाला राठौर, ममता कैथवास, बरखा घारु, दुर्गा गेहलोत, कुसमलता वर्मा अनिता सोनी और अनिता सिसोदियां को पुरुस्कृत किया गया है।

# नागरिकों ने जागरुकता कार्यक्रम में लिया स्वच्छता का संदेश



रतलाम(आरएनएन)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत नगर निगम रतलाम शहर के प्रमुख बाजारों, कालोनियों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था को चौक चौबंद रखने के साथ ही अब स्लम बस्तियों को स्वच्छ बनाने में जुट गया है।

यहां मूलभूत सुविधाओं को लगातार जहां एक और दुरुस्त किया जा रहा है वहीं इन्ही स्वच्छता की दौड़ में भी अव्वल बनाने के प्रयास तेजी से चल रहे हैं। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और उपायुक्त निशिकांत शुक्ला व स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के मार्गदर्शन और उपस्थिति में जवाहर नगर स्थित सभागृह में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना क्रमांक-1 की अधिकारी श्रीमती चेतना गेहलोत,वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती प्रेरणा तोगड़े, उषा लिम्बोदिया आदि उपस्थित रहे।

## स्पर्धाओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

स्वच्छ रतलाम, स्वस्थ्य रतलाम की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रांगोली, क्विज, मेंहदी, भाषण सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन स्पर्धाओं के निर्णायक डॉ.शहनाज सैय्यद, डॉ.पिंकी बोरीवाल, चेतना गेहलोत और उषा लिम्बोदिया रहे।

२१५

# मुंबई, रतलाम, दिल्ली एक्सप्रेस वे पर अट्ठारह सौ हेक्टेयर क्षेत्र में मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन विकसित होगा

**परियोजना विकास पर 1800 करोड़ रुपए राशि खर्च की जाएगी**

रतलाम। मुंबई रतलाम दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर अट्ठारह सौ हेक्टेयर क्षेत्र में मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन विकसित होगा। रतलाम से मात्र 5 किलोमीटर दूरी से क्रियान्वित होने वाली उक्त परियोजना के विकास के लिए अट्ठारह सौ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस नवीन निवेश क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन योजना से रतलाम का चहुमुंखी विकास होगा। बदलाव की नई तस्वीर सामने आएगी क्षेत्र में, बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा।

रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि परियोजना में 18000 करोड़ रुपए का निवेश संभावित है इससे लगभग 24000 व्यक्तियों को पूर्णकालिक रोजगार मिल सकेगा। क्षेत्र में 2 हजार 400 वृहद तथा सूक्ष्म इकाईयां स्थापित होंगी जिनके माध्यम से ना केवल औद्योगिक विकास होगा बल्कि कृषि क्षेत्र का भी कायाकल्प हो जाएगा। स्थानीय कृषि उत्पादों पर आधारित प्रसंस्करण उद्योग बड़ी संख्या में स्थापित होंगे। 4 फरवरी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया था।

रतलाम निवेश क्षेत्र में आने वाली अट्ठारह सौ हेक्टेयर भूमि में ग्राम बिबड़ौद के अलावा जामथुन, पलसोड़ी, जुलवानिया, रामपुरिया तथा सरवनीखुर्द ग्रामों की भूमि सम्मीलित है। इसमें 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि तथा निजी भूमि 256 हेक्टेयर है। निजी क्षेत्र की भूमि पीपीपी मोड पर विकसित की जाएगी। रतलाम रेलवे का महत्वपूर्ण जंक्शन होने के साथ दिल्ली-मुम्बई, पीथमपुर, इंदौर, अहमदाबाद, सूरत जैसे महत्वपूर्ण स्थानों से सीधा कनेक्ट है। रतलाम से इंदौर एयरपोर्ट मात्र 140 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। इसके अलावा रतलाम से काण्डला-मुम्बई बंदरगाहों की दूरी मात्र 600 किलोमीटर है। यह भी उल्लेखनीय है कि शासन की एयरपोर्ट ऑथरिटी द्वारा रतलाम में एयरपोर्ट स्थापना का प्रस्ताव भी भेजा है। उक्त कारणों से मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन एंड अपैरल द्वारा रतलाम के सर्वांगीण एवं चहुमुंखी विकास की राह प्रशस्त हो जाएगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अवन्तिका –पृष्ठ 02 दिनांक 08/02/2021

# रतलाम शहर में अब सायरन के साथ शुरू होगी सफाई

## निगम आयुक्त झारिया ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की बैठक में दिये निर्देश

**दैनिक अवंतिका ● रतलाम**

शहर में सुबह और दोपहर के समय सफाई शुरू होती है, इसकी जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम रतलाम रविवार से एक नया प्रयोग शुरू करने जा रही है जिसके चलते सुबह 6.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे सायरन की आवाज सुनाई देगी। प्रथम चरण में यह प्रयोग व्यापारिक क्षेत्रों से शुरू किया जा रहा है।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नम्बर -१ बने इस हेतु सिविक सेन्टर स्थित मिटिंग हॉल (एसबीएम सेल) में आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि रविवार से नगर निगम का समूचा अमला शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु सौंपे कार्यों को प्रारंभ करें।आयोजित बैठक में डॉ. हिमांशु शुक्ला व सुशील द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के एमआईएस डेश बोर्ड के बारे में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हम स्वच्छता के क्षेत्र में किस प्रकार से कार्य करके रतलाम को स्वच्छता के क्षेत्र में रतलाम को नम्बर १ बना सकते है।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस दौरान कहा कि रतलाम को स्वच्छता के क्षेत्र में देश में नम्बर १ बनाया जा सकता है बस इसके लिये मेहनत व लगन होना आवश्यक है साथ ही नागरिकों की सहभागिता इसमें महत्त्वपूर्ण है इसके लिये इस अभियान में शहर के अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ा जाये।

बैठक में स्वच्छता रैंकिग में रतलाम को नम्बर 1 बनाने की जानकारी देने आए विशेषज्ञों ने निगम अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीके सहज और सरल तरीके से समझाते हुए कहां कि स्वच्छता क्रांति में शहर के हर व्यक्ति को जोड़ा जाना चाहिए।

आयोजित बैठक में नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों के प्रमुखों को बताया गया कि आमजन के बीच स्वच्छता मेरा संस्कार, रोको-टोको जैसे अभियान भी लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित कर सकते है।

बैठक में 100 प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्कीकरण पर जोर दिया गया साथ ही नाले और नालियों में कचरा निपटान करने वाले लोगों पर स्पॉट फाईन जैसी कार्यवाही, लोगों की मानसिकता बदलने और लोगों को अपने आसपास का क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए भी प्रेरित किया जाये। बैठक में यह सुझाव दिया गया कि स्वच्छता में नवाचार करते हुए शहर के व्यापारिक क्षेत्रों में सुबह और दोपहर में होने वाली सफाई के दौरान सायरन बजाकर क्षेत्र के लोगों को सूचित किया जाए। इस सुझाव पर रविवार सुबह से अमल किया गया।

आयोजित बैठक में उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशीकान्त शुक्ला, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, विकास मरकाम, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ सोनी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारी, झोन प्रभारी -श्री किरण चौहान, पर्वत हाड़े के अलावा वासुदेव बैरागी व पत्रकार उपस्थित थे। अवन्तिका

# गंदगी करने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है।**

ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सख्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड बस स्टैण्ड पर गंदगी करने पर कृष्णा, वेदांश व 2 अन्य पर 100-100, प्रकाश, केवड़, निजामुद्दिन, रामदेव, नारायण राव, लोकेन्द्र, गजराज सिंह व गज्जू पर 50-10 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

# गंदगी करने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सख्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड बस स्टैण्ड पर गंदगी करने पर कृष्णा, वेदांश व 2 अन्य पर 100-100, प्रकाश, केवड़, निजामुद्दीन, रामदेव, नारायण राव, लोकेन्द्र, गजराज सिंह व गज्जू पर 50-10 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 : नगर निगम तैयारियों में जुटा

# आज जीएफसी स्टार रेटिंग में दावा करने का आखिरी दिन, बीते साल मिली थी जीरो रेटिंग



ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे से खाद बनाने का प्लांट देखते आयुक्त व अन्य अधिकारी।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मुख्यमंत्री के दौरे से निपटने के बाद अब नगर निगम का अमला मार्च में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों में लग गया है। सोमवार को गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग में दावा करने का आखिरी दिन है। इसके लिए निगम एक सप्ताह से दस्तावेज जुटा रहा है।

मामला इसलिए पेचीदा है क्योंकि बीते साल निगम को फाइव स्टार के बदले जीरो रेटिंग मिली थी, इसलिए इस बार निगम फूंक-फूंक कर कदम उठा रहा है, ताकि कोई कमी न रह जाए। इसके लिए निगम एक्सपर्ट की सहायता भी ले रहा है। 2019 में भी थ्री स्टार के बदले टू स्टार रेटिंग आई थी। अच्छी बात यह है कि निगम को ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट मिल चुका है। अब उसकी सारी कोशिश फाइव स्टार रेटिंग हासिल करना है।

### कचरे से खाद बनाने का प्लांट देखा

रविवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड व करमदी रोड स्थित अटल उद्यान का निरीक्षण किया। पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील व निगम उनके साथ रहे। ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अफसरों ने कचरे से खाद बनाने का प्लांट देखा। इस दौरान एक्सपर्ट ने खाद बनाने की क्षमता बढ़ाने के बारे में दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी साथ रहे।

### सायरन के साथ शुरू हुई सफाई

व्यवस्था में कसावट लाते हुए रविवार से स्वास्थ्य अमले ने सायरन बजाने के साथ सफाई करना शुरू कर दिया है। रविवार को व्यावसायिक क्षेत्र चांदनी चौक, माणकचौक, डालू मोदी बाजार, पॉवर हाउस रोड के साथ सैलाना बस स्टैंड, गायत्री टॉकिज रोड, राम मंदिर क्षेत्र में सायरन बजाने के बाद सफाई चालू की गई। भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर पृष्ठ

**अच्छी बात** • पाइप और सीवरेज लाइन की खुदाई से खराब हुई 153 किलोमीटर लंबी सड़कें नई बनेंगी

**महानगर की तरह बनेगा सिटी का रोड नेटवर्क**

# जाम और न ही गड्ढे रहेंगे, इनर सिटी रिंग रोड सहित चार सड़कें फोरलेन बनेंगी

166.78 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित रोड नेटवर्क पर खर्च होंगे 126.53 करोड़ रुपए, 2023 तक पूरा करने का टारगेट

कॉलोनियों की 3.78 किलोमीटर सड़कों का अपग्रेडेशन किया जाएगा, 20 संकरी पुलियाओं का भी चौड़ीकरण होगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2023 तक सिटी का रोड नेटवर्क महानगर की तरह हो जाएगा। सड़कें चौड़ी होने से जाम नहीं लगेगा। वहीं शहरवासियों को खराब गड्ढेदार सड़कों से होने वाली परेशानी से भी निजात मिल जाएगी। तीन माह में इस पर अमल शुरू हो जाएगा। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है 8.5 किमी लंबा इनर सिटी रिंग रोड, जिसमें से 2.5 किमी लगभग तैयार हो चुका है।

ऑफिसर कॉलोनी से त्रिपोलिया गेट, बाजना बस स्टैंड होकर सैलाना बस स्टैंड तक बाकी 6 किमी लंबे सटी रिंग रोड सहित 6 चार प्रमुख सड़कें फोरलेन में बदलेंगी। सुगम यातायात से 3.78 किमी लंबी 7 प्रमुख सड़कों का फोरलेन की तरह अपग्रेडेशन होगा। पाइप व सीवर लाइन की खुदाई से खराब 153 किमी लंबी सड़कें बनाई जाएंगी। प्रमुख मार्गों की 20 संकरी पुलियाएं भी चौड़ी होकर नई बनेंगी। इस तरह 166.78 किमी लंबे रोड नेटवर्क को सुधारने में 126.53 करोड़ (लोनिवि के फोरलेन शामिल नहीं) खर्च होंगे।

## 8.5 किमी इनर सिटी रिंग रोड का स्वरूप

- **कहां से कहां तक जा रहा** -ऑफिसर कॉलोनी ब्रिज-फव्वारा चौक-दो बत्ती चौराहा-सैलाना बस स्टैंड-हाट रोड, बाजना बस स्टैंड-त्रिपोलिया गेट-हाकिमवाड़ा-ऑफिसर कॉलोनी
- **अब तक बन चुका** - ऑफिसर कॉलोनी-फव्वारा चौक और दो बत्ती चौराहा-पॉवर हाउस रोड-सैलाना बस स्टैंड
- **अभी काम चल रहा** - दो बत्ती चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल तक
- **लंबाई व लागत** - 2.5 किमी, 12.60 करोड़
- **अब कहां से कहां बनेगा** - ऑफिसर कॉलोनी ब्रिज से तलैया-हाकिमवाड़ा-संत रविदास चौक-त्रिपोलिया गेट-बाजना बस स्टैंड-गोशाला रोड-हाट चौराहा-शहीद चौक-सैलाना बस स्टैंड।
- **लंबाई व लागत** -6 किमी, 33 करोड़

## यूं समझें निर्माण : शहर के ये फोरलेन इतने चौड़े बनेंगे

| | | |
|---|---|---|
| दिलबहार चौराहा से लोकेंद्र टॉकिज तक | 2 किमी | 7.80 करोड़ |
| आबकारी चौराहा से त्रिपोलिया गेट तक | 1.10 किमी | 4.30 करोड़ |
| फ्रीगंज से दो बत्ती चौराहा तक | 0.75 किमी | 2.90 करोड़ |
| पैलेस रोड से निगम तिहारा तक | 0.23 किमी | 0.90 करोड़ |
| योग | 4.08 किमी | 15.90 करोड़ |

### इन सड़कों को अपग्रेड करेंगे

| | | |
|---|---|---|
| राम मंदिर तिराहा से कॉमर्स कॉलेज | 1.45 किमी | 5.70 करोड़ |
| आजाद चौक से बाजना बस स्टैंड | 0.65 किमी | 2.55 करोड़ |
| आजाद चौक से घास बाजार | 0.41 किमी | 1.60 करोड़ |
| घास बाजार से हरमाला रोड | 0.49 किमी | 1.92 करोड़ |
| नाहरपुरा तिराहा से डालू मोदी बाजार | 0.20 किमी | 0.80 करोड़ |
| शहीद चौक से रानीजी मंदिर | 0.28 किमी | 1.09 करोड़ |
| हरदेवलाला पीपली से नाहरपुरा चौराहा | 0.30 किमी | 1.17 करोड़ |
| योग | 3.78 किमी | 14.83 करोड़ |

### पाइप और सीवर लाइन की खुदाई से खराब हुई सड़कों का पुनर्निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| 12 से 14 मीटर चौड़ी प्रमुख डामरीकृत सड़कें | 23 किमी | 16.80 करोड़ |
| कॉलोनियों व गलियों की 4 मीटर चौड़ी सड़कें | 130 किमी | 36.00 करोड़ |
| योग | 153 किमी | 52.80 करोड़ |

### लोनिवि ये सड़कें फोरलेन में बदलेगा

| | | |
|---|---|---|
| करमदी गांव से संत रविदास चौक (लोनिवि) | 3 किमी | 16.50 करोड़ |
| जावरा रोड अंडरब्रिज से सेजावता फंटा (लोनिवि) | 4 किमी | 22.00 करोड़ |
| योग | 7 किमी | 38.50 करोड़ |

## प्रोजेक्ट में फिलहाल ये पेंच

- अधिकांश सड़कें सघन आबादी क्षेत्र में है, ऐसे में चौड़ीकरण का विरोध संभव है।
- इनर रिंग रोड सहित अन्य सड़कों और चौराहों पर बहुत अतिक्रमण है, इन्हें हटाना निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी।
- लागत 126 करोड़ रुपए बड़ी राशि है। महामारी से सरकार की माली दशा खराब है।
- 2023 तक काम शुरू होने में भी संशय है क्योंकि डीपीआर बनाना, मंजूरी लेना, टेंडर निकालना और वर्क आर्डर देकर काम शुरू करवाना एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है।
- निगम में पहले ही स्टाफ बहुत कम है, ऐसे में 2023 के बजाय 5 से 6 साल लग सकते हैं।

▪ सिटी के रोड नेटवर्क को सुधारा जाएगा। प्लान बना दिया है। मुख्यमंत्री ने मंजूरी भी दे दी है। योजनाबद्ध रहा तो तीन से चार माह में क्रियान्वयन होने लगेगा।
**चेतन्य काश्यप,** विधायक

▪ सभी प्रमुख और आंतरिक सड़कों का सर्वे कर रोड नेटवर्क प्लान का प्रस्ताव तैयार है। फंड जल्द मिलेगा। कोशिश करेंगे विस्तृत योजना बना टेंडर जल्द काम शुरू कर दें।
**सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

भास्कर

संकलन--नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ ...07... दिनांक...08/02/2021

# नया सवेरा लाएगें, रतलाम को स्वच्छ बनाएगे

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत जवाहर नगर सहित आधा दर्जन क्षेत्रों के नागरिकों ने जागरुकता कार्यक्रम में लिया स्वच्छता का संदेश



**रतलाम।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत नगर निगम रतलाम शहर के प्रमुख बाजारों, कालोनियों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था को चौंक चौबंद रखने के साथ ही अब स्लम बस्तियों को स्वच्छ बनाने में जुट गया है। यहां मूलभूत सुविधाओं को लगातार जहां एक और दुरुस्त किया जा रहा है वहीं इन्हीं स्वच्छता की दौड़ में भी अव्व्ल बनाने के प्रयास तेजी से चल रहे है। शनिवार को शहर के जवाहर नगर सहित आधा दर्जन क्षेत्रों के महिला,पुरुष और बच्चों के बीच स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता संदेश से जुड़े कार्यक्रमों और स्पर्धाओं में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निकले जागरुकता रैली में नारे लगाए गए कि नया सवेरा लाएगे और रतलाम को स्वच्छ बनाएगें नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और उपायुक्त निशिकांत शुक्ला व स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के मार्गदर्शन और उपस्थिति में जवाहर नगर स्थित सभागृह में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना क्रमांक-1 की अधिकारी श्रीमती चेतना गेहलोत, वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती प्रेरणा तोमड़े, उषा लिम्बोदिया आदि उपस्थित रहे।

इस मौके पर उपायुक्त श्री शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी श्री शुक्ला के साथ ही परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों, ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में हर नागरिक की हिस्सेदारी होगी तभी स्वच्छता की दौड़ में रतलाम नम्बर-1 बनेगा।

स्पर्धाओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

स्वच्छ रतलाम, स्वस्थ्य रतलाम की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रांगोली, क्विज, मेंहदी, भाषण सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन स्पर्धाओं के निर्णायक डॉ.शहनाज सैय्यद, डॉ.पिंकी बोरीवाल, चेतना गेहलोत और उषा लिम्बोदिया रहे।

स्पर्धाओं के परिणामों में मेंहदी प्रतियोगिता में तनीषा धवन, मानी, अशुमंन चौहान, आशिया को पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह रांगोली प्रतियोगिता में पीहू परमार, टिवंकल बरखा पाटीदार, रोशनी कुरैशी, संध्या तिलोदिया और सानिया कुरेशी को पुरुस्कृत किया गया। भाषण, क्विज आदि स्पर्धाओं में श्रीमती प्रेमकुंवर सिसोदिया, अनिता जोशी, ब्रजकुंवर राठोर, इन्दुबाला राठोर, ममता कैथवास, बरखा घारु, दुर्गा गेहलोत, प्रेमलता सांकला, अर्चना राठोर, लक्ष्मी परमार, आरती जारवाल, कुसमलता वर्मा अनिता सोनी और अनिता सिसोदियां को पुरुस्कृत किया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारियां द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कुड़ा केवल डोर टू डोर कुड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। शनिवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया। इन्दौर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार---पत्रिका---पृष्ठ 15...दिनांक...08/02/2021

# बे-पटरी होने लगी सरकारी व्यवस्था, कुछ पर मौजूद रहे अधिकारी तो कुछ से हुए गायब

**रतलाम @ पत्रिका.** सरकार द्वारा शुरू की गई अन्न महोत्सव योजना दूसरे ही महीने से बे-पटरी होती नजर आने लगी है। महीने की 7 तारीख रविवार के दिन शासन की उचित मूल्य दुकाने तो खुली नजर आई लेकिन उन पर कुछ जगह अधिकारी नहीं थे तो कुछ जगह मौजूद नजर आए। दुकान से नोडल अधिकारी के गायब होने की जानकारी मिली तो दुकानदार बहाने बनाते नजर आए। अन्न उत्सव को लेकर पत्रिका ने जब जमीनी हकीकत तलाशी तो शासन की योजना की हकीकत सामने आ गई।

## साहब अभी अंगूठा लगाकर गए हैं, आ रहे है

शहर के थावरिया बाजार क्षेत्र में स्थित तीन राशन दुकानें हैं। इन दुकानों पर राशन लेने वाले हितग्राही तो आ रहे थे लेकिन जिन्हें नोडल बनाया गया था वह यहां नहीं थे। दुकानदारों का कहना था कि साहब अभी अंगूठा लगाकर गए हैं, थोड़ी देर में काम निपटा कर वापस आ रहे हैं। इन दुकानों पर कुछ समय तक उनका इंतजार भी किया गया लेकिन संबंधित अधिकारी नहीं पहुंचे।



## यहां की दुकानों पर नोडल अधिकारी नजर आए

वहीं दूसरी ओर टीम जब मराठों का वास और जवाहर नगर क्षेत्र में पहुंची तो यहां की दुकानों पर नोडल अधिकारी नजर आए। इन दुकानों पर नोडल अधिकारी की मौजूदगी में ही हितग्राहियों को सामग्री वितरित की जा रही थी। किस व्यक्ति को कितनी मात्रा में सामग्री दी जा रही थी यह भी अधिकारी देख रहे थे। जिलेभर की राशन दुकानों पर अन्न उत्सव बनाए जाने को लेकर शासन ने विशेष निर्देश जारी किए हैं।



पत्रिका

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत जवाहर नगर सहित आधा दर्जन क्षेत्रों के नागरिकों ने जागरुकता कार्यक्रम में लिया स्वच्छता का संदेश





रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत नगर निगम रतलाम शहर के प्रमुख बाजारों, कालोनियों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था को चौंक चौबंद रखने के साथ ही अब स्लम बस्तियों को स्वच्छ बनाने में जुट गया है। यहां मूलभूत सुविधाओं को लगातार जहां एक और दुरुस्त किया जा रहा है वही इन्ही स्वच्छता की दौड़ में भी अव्वल बनाने के प्रयास तेजी से चल रहे है। शनिवार को शहर के जवाहर नगर सहित आधा दर्जन क्षेत्रों के महिला,पुरुष और बच्चों के बीच स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता संदेश से जुड़े कार्यक्रमों और स्पर्धाओं में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निकले जागरुकता रैली में नारे लगाए गए कि नया सवैरा लाएगे और रतलाम को स्वच्छ बनाएगें

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश और उपायुक्त श्री निशिकांत शुक्ला व स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के मार्गदर्शन और उपस्थिति में जवाहर नगर स्थित सभागृह में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना क्रमांक-1 की अधिकारी श्रीमती चेतना गेहलोत,वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती प्रेरणा तोगड़े, उषा लिम्बोदिया आदि उपस्थित रहे।

इस मौके पर उपायुक्त श्री शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी श्री शुक्ला के साथ ही परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहां कि स्वच्छ सर्वेक्षण में हर नागरिक की हिस्सेदारी होगी तभी स्वच्छता की दौड़ में रतलाम नम्बर-1 बनेगा।

## स्पर्धाओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

स्वच्छ रतलाम, स्वस्थ्य रतलाम की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रांगोली, क्विज, मेंहदी, भाषण सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन स्पर्धाओं के निर्णायक डॉ.शहनाज सैय्यद, डॉ.पिंकी बोरीवाल, चेतना गेहलोत और उषा लिम्बोदिया रहे।

स्पर्धाओं के परिणामों में मेंहदी प्रतियोगिता में तनीषा धवन,मानी , अशुमन चौहान, आशिया को पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह रांगोली प्रतियोगिता में पीहू परमार, टिवंकल बरखा पाटीदार, रोशनी कुरैशी, संध्या तिलोदिया और सानिया कुरेशी को पुरुस्कृत किया गया। भाषण, क्विज आदि स्पर्धाओं में श्रीमती प्रेमकुंवर सिसोदिया, अनिता जोशी, ब्रजकुंवर राठोर, इन्दुबाला राठोर, ममता कैथवास, बरखा धारु, दुर्गा गेहलोत, प्रेमलता सांकला, अर्चना राठोर, लक्ष्मी परमार, आरती जारवाल, कुसमलता वर्मा अनिता सोनी और अनिता सिसोदियां को पुरुस्कृत किया गया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है।

निजी भागीदारी को भी मिलेगा प्रोत्साहन

# 12 से ज्यादा योजनाओं का भविष्य होगा तय, लोकप्रिय ही रहेंगी लागू

बजट 2021-22 पत्रिका मंथन



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** बजट पर माथापच्ची कर रही सरकार महकमों को जरूरत के मुताबिक ही बजट उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। इसके लिए देखा जा रहा है कि उन्होंने पूर्व और वर्तमान में किस प्रकार से राशि खर्च की। यदि राशि लैप्स हुई तो उन्हें इस बार रकम कम मिलेगी। विभिन्न विभागों द्वारा चल रही योजनाओं पर भी सरकार अनावश्यक राशि खर्च नहीं करना चाहती। 12 से ज्यादा योजनाएं तो ऐसी हैं जो सिर्फ कागजों पर हैं। अनुपयोगी होने पर इनके लिए बजट का प्रावधान नहीं होगा। लोकप्रिय योजनाओं पर बजट की विशेष व्यवस्था की जा रही है। निजी भागीदारी की भी तैयारी है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शिवराज सरकार की लोकप्रिय योजना में से एक है। कांग्रेस कार्यकाल में यह ठंडे बस्ते में चली गई थी। बजट भी कम कर दिया गया था। इस बार इसमें बढ़ोत्तरी होगी। रामगमन अंचल विकास योजना को भी गति मिल सकती है। इसमें निजी भागीदारी पर भी विचार हो रहा है।

## इन योजनाओं पर गौर नहीं

**वाट्सऐप मैसेज भेजो इनाम पाओ, प्रोत्साहन राशि:** परिवहन विभाग की योजना में 2019-20 में 2 लाख रुपए प्रावधान था। चालू वित्तीय वर्ष में जीरो बजट है।

**स्व. श्री सुशील चंद्र वर्मा पुरस्कार योजना:** कई विभागों में प्रशासनिक क्षेत्र में बेहतर काम करने वालों के लिए यह योजना है। चालू वित्तीय वर्ष में शून्य बजट है। पिछली बार मात्र एक हजार रुपए टोकन मनी का प्रावधान था।

**मुख्यमंत्री तेंदूपत्ता संग्राहक कल्याण दुर्घटना सहायता योजना :** वन विभाग की योजना में 2019-20 में 4 लाख रुपए का प्रावधान था, लेकिन चालू वित्तीय वर्ष कोई बजट ही नहीं रखा गया।

**निजी भूमि पर पौधरोपण प्रोत्साहन योजना :** वन विभाग की योजना में 2019-20 में 34.15 लाख का प्रावधान था। इसके बाद राशि नहीं रखी गई।

**मुख्यमंत्री बाल श्रवण सहायता :** यह योजना चिकित्सा विभाग की है। चालू वित्तीय वर्ष में कोई बजट नहीं है। 2019-20 में 1200.00 लाख का प्रावधान किया गया था।

**जनजातीय सेवा पुरस्कार एवं पारितोषिक सम्मान :** आदिम जाति कल्याण विभाग की इस योजना में 2018-19 में एक लाख रुपए खर्च हुए थे। 2019-20 और 20-21 में इस पर बजट प्रावधान शून्य ही रहा।

**मुख्यमंत्री कौशल्या योजना :** तकनीकी शिक्षा विभाग की इस योजना में 2018-19 में 2258.44 लाख खर्च हुए। 2019-20 में 90.93 लाख का प्रावधान। 2020-21 में कोई बजट नहीं। इनके अलावा भी अन्य योजनाओं पर गौर नहीं है।

## किसानों की चिंता

सरकार ने खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए मुख्यमंत्री भावांतर भुगतान योजना लागू की थी। किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम मिलता है। 2018-19 में भरपूर बजट प्रावधान किया गया। तब 258.23 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। 2019-20 में बजट राशि घटा दी गई। चालू वित्तीय वर्ष में तीन हजार रुपए का प्रावधान है। अब सरकार का फोकस किसानों पर है। ऐसे में बजट में अधिक राशि का प्रावधान होगा।

## भामाशाह योजना फिर शुरू होगी

टेक्स पेयर का हौसला बढ़ाने के लिए सरकार भामाशाह योजना फिर शुरू करेगी। अधिक टैक्स देने वाले करदाताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। भाजपा शासनकाल में योजना संचालित थी, लेकिन कांग्रेस कार्यकाल में ठंडे बस्ते में चली गई। अब फिर शुरू करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इसका एलान कर चुके हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दैनिक भास्कर पृष्ठ 12 दिनांक 08/02/2021

**नगरीय निकाय चुनाव** • 219796 नए वोटर, पांच साल में बढ़े 24630 वोटर, 2014 में 24011 वोटों से भाजपा ने जीती थी महापौर सीट

# आज होगा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद 3 मार्च को सामने आएगी फाइनल सूची

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मार्च, अप्रैल में संभावित नगरीय निकाय चुनाव को लेकर 8 फरवरी को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। नई सूची में मतदाताओं की संख्या 219796 हो गई है, जबकि 2014 में 195166 मतदाता थे। यानी पांच साल में 24630 मतदाता बढ़ गए हैं।

2014 के चुनाव में लगभग इतने ही 24011 वोटों के अंतर से भाजपा ने महापौर की सीट जीती थी। निकाय चुनाव के लिए अक्टूबर में जारी हुई फाइनल सूची में 215863 मतदाता थे। इसके बाद हुए विधानसभा सूची के पुनरीक्षण 3933 नाम और बढ़ गए हैं। निकाय की नई सूची में इन्हें भी शामिल कर लिया गया है। इस नई मतदाता सूची का सोमवार को सभी 49 वार्डों में सार्वजनिक प्रकाशन होगा। इसमें सुधार के लिए ट्रेनिंग देकर एक प्राधिकृत कर्मचारी भी तैनात रहेंगे। इन्हें दावे-आपत्ति देकर सुधार करवा सकेंगे। इनके निराकरण के बाद 3 मार्च को फाइनल सूची सामने आ जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग इसके बाद कभी भी चुनाव की तारीख घोषित कर सकता है।

### 2014 और 2021 की सूची मतदाताओं का अंतर

| वर्ग | 2014 | 2021 |
|---|---|---|
| पुरुष | 99529 | 109907 |
| महिला | 95636 | 109885 |
| अन्य | 1 | 4 |
| कुल | 195166 | 219796 |

### चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारी फिलहाल यहां तक पहुंची

**भाजपा**

- **उम्मीदवार चयन** - पार्टी की गाइडलाइन जारी नहीं हुई है पर बताया जा रहा है कि 50 साल से ज्यादा उम्र वाले और दो या तीन बार जीतने वालों को टिकट नहीं दिया जाएगा।
- **दावेदार** - 49 वार्ड के पार्षद पद को लेकर 175 से ज्यादा, महापौर के 4 से अधिक
- **क्या तैयारी** - पार्षद हेतु विधायक, जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष पैनल तैयार करेंगे, महापौर पैनल संभागीय समिति भोपाल भेजेंगी।
- **2014 में** - 49 में से 30 वार्ड में जीत दर्ज कर भाजपा ने पूर्ण बहुमत से परिषद बनाई थी। तीन निर्दलीयों का भी समर्थन मिला था।
- **इस बार दावा** - 40 से ज्यादा पार्षद सीट का

**VS**

**कांग्रेस**

- **उम्मीदवार चयन** - गाइडलाइन तैयार नहीं हुई है लेकिन पार्टी जीतने वाले उम्मीदवार को ही टिकट देगी। इसमें भी वार्ड आरक्षण के अनुसार ही टिकट मिलेगा।
- **दावेदार** - पार्षद पद के लिए 155 से ज्यादा, महापौर पद के लिए 6 आवेदन
- **क्या तैयारी** - उम्मीदवार चयन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने चयन समिति बनाई है। 14 फरवरी को चुनाव प्रभारी प्रियवृत सिंह, पुष्पा भारती दावेदारों से मुलाकात करेंगे।
- **2014 में** - 49 में से कांग्रेस के सिर्फ 13 पार्षद जीत पाए थे।
- **इस बार दावा** - 2014 से ज्यादा सीट लाएंगे

*वार्ड सूची का अवलोकन करेंगे। इसमें जो भी विसंगतियां मिलेंगी, उस पर दावे-आपत्ति लगाकर सूची सही करवाएंगे। टिकट के लिए अभी पार्टी की कोई गाइडलाइन नहीं आई है।*
**शैलेंद्र डागा,** सदस्य प्रदेश चुनाव संचालन समिति

*हमारा मकसद पार्षद की सीट बढ़ाना है। इसके लिए जीतने की सर्वाधिक संभावना वाले को ही टिकट मिलेगा। सर्वे जारी है। पार्टी की गाइडलाइन तो नहीं आई पर तैयारी पूरी है।*
**महेंद्र कटारिया,** जिलाध्यक्ष-शहर कांग्रेस

भास्कर

## सायरन के साथ शुरू हुई सफाई

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाकर देश में नंबर-वन बनाने के लिए नगर निगम द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत रविवार को शहर के व्यावसायिक स्थल चांदनी चौक, माणक चौक, डालू मोदी बाजार, पावर हाउस रोड, सैलाना बस स्टैंड, गायत्री टॉकीज रोड, राम मंदिर आदि क्षेत्रों में सायरन के साथ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। ज्ञातव्य है कि शनिवार को सिविक सेंटर स्थित मीटिंग हॉल (एसबीएम सेल) में आयोजित बैठक में तय किया गया था कि रविवार से नगर निगम का समूचा अमला शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करेगा। नईदुनिया

## सायरन के साथ शुरू हुई अब शहर में सफाई

रतलाम ● शहर में सफाई के दौरान व्यापारी क्षेत्र में सुबह और दोपहर में सायरन की आवाज सुनाई दी जाएगी। यह सायरन सुबह 6.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे प्रथम चरण में व्यापारी क्षेत्र में रविवार से शुरू किया गया। इस संबंध में सिविक सेंटर में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयुक्त श्री झारिया ने यह निर्देश दिया। नगर निगम का समूचा अमला इस कार्य में जुटाया गया है। स्वदेश

## सायरन के साथ शुरू हुई सफाई

रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाकर देश में नम्बर-1 बनाने के लिए नगर निगम द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके तहत रविवार को शहर के व्यावसायिक स्थल चांदनी चौक, माणक चौक, डालू मोदी बाजार, पावर हाउस रोड, सैलाना बस स्टैण्ड, गायत्री टॉकिज रोड राम मंदिर आदि क्षेत्रों में सायरन के साथ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया।

दूसरे चरण में वैक्सीनेशन के लिए 6412 फ्रंटलाइन वर्कर का पंजीयन

# आज से पुलिस, राजस्व और निगम अमले को लगेगा टीका

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन का दूसरा चरण 8 फरवरी से शुरू हो रहा है, इसके लिए जिले में 15 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें शहर में आठ केंद्रों में शासकीय मेडिकल कॉलेज, बाल चिकित्सालय, रेलवे चिकित्सालय, रेलवे चिकित्सालय घटला कॉलोनी, पुराना व नया कलेक्टोरेट, डीआरपी लाइन-1, डीआरपी लाइन-2 में हैं। इसी तरह सिविल अस्पताल आलोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, सिविल हॉस्पिटल जावरा-1, सिविल हॉस्पिटल जावरा-2, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलौदा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना को केंद्र बनाया गया है।

दूसरे चरण में राजस्व विभाग, पुलिस और नगर निगम व नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों को टीका लगाया जाएगा। दूसरे चरण के लिए 6412 पंजीयन हुए हैं और पंचायती राज विभाग से जुड़े कर्मचारियों का भी पंजीयन किया जा रहा है।



रविवार को 822 पंजीयन हुए और लगातार प्रक्रिया चल रही है। सभी केंद्रो में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है जो सोमवार सुबह 8:00 बजे केंद्र में उपस्थित रहकर टीकाकरण का कार्य प्रोटोकॉल के अनुसार करेंगे। पहले चरण में 6270 निजी व शासकीय स्वास्थ्य कर्मचारियों को टीका लगाया जा चुका है, जबकि 9008 लगाया जाना था। पहले चरण में ही 18310 डोज मिले थे। जरूरत पड़ने पर फिर से डोज मंगाई जाएगी। कर्मचारियों की सुविधा के लिए उन्हें नजदीकी केंद्रों पर टीकाकरण केंद्र बनाया गया है ताकि स पहुंच सकें। केंद्रों में चलाने की प्रकि पहले चरण की तरह ही रहेगी। जि टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरी ने बताया कि दूसरे चरण का टीकाकर 8 फरवरी से शुरू होगा, जिसकी तैय हो चुकी है।

### 177 रिपोर्ट में पांच नए पॉजिटिव मिले

कोरोना सैंपल की 177 रिपोर्ट रविवार को पांच नए पॉजिटिव मिले और स्वस्थ होने पर छह मरीज को डिस्चार्ज किया गया। जिले में अब संक्रमितों की संख्या 4368 पहुंच गई है जबकि 4232 स्वस्थ हो चुके हैं। 81 की मौत हुई। एक्टिव मरीज की संख्या 55 है। मेडिकल कॉलेज लैब की 60 रिपोर्ट में चार और रैपिड एंटीजन की 117 रिपोर्ट में एक नया मामला मिला। फरवरी के सात दिन में 28 नए मरीज मिले, 40 स्वस्थ हुए और एक मौत हुई।

# हाट रोड में लगेगा बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर की शुरुआत सोमवार से की गई। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे।

शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक 46, 47 व 48 के लिए 8 फरवरी को हाट रोड माताजी का मंदिर, वार्ड क्रमांक 11 व 12 के लिए 09 फरवरी को कलीमी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 18 के लिए 3 से 10 फरवरी तक राजेंद्र नगर में कार्यालयीन समय में बकाया वसूली शिविर लगेगा।

## शासकीय पत्रों में नाम के साथ नंबर भी लिखना जरूरी

रतलाम | शासकीय कार्यालयों से जारी होने वाले पत्र व आदेश-निर्देश में अब जारी करने वाले अधिकारी का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल एड्रेस का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। इस आशय के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी कमिश्नर, कलेक्टर व जिला पंचायतों के सीईओ को दिए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि पत्र जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर, ईमेल पते की जानकारी नहीं होने से आदेश जारी करने वाले अधिकारी से संपर्क करने में कठिनाई होती है इसलिए यह आदेश निकाला है।

## लाइनमैन का वेतन काटा

रतलाम @ पत्रिका. प्रकाश विभाग के लाईनमैन मनीष पिता लालुराम निनामा जिनकी ड्यूटी जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर फटका एवं बैलिंग मशीन पर लगाई गई थी। बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व कार्य में लापरवाही बरतने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

## निगम वाहन ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मारी

रतलाम. लोकेंद्र टाकिज चौराहे से गुजर रहे एक आटो रिक्शा को नगर निगम के एक वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से आटो रिक्शा चालक को चोट आई। पुलिस ने बताया जयभारत नगर निवासी आटो रिक्शा चालक अख्तर पिता वसीम 25 लोकेंद्र टाकिज चौराहे से आटो रिक्शा लेकर गुजर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आए नगर निगम के एक वाहन ने उसकी आटो को जोरदार टक्कर मार दी। चौराहे पर हुई दुर्घटना के बाद काफी संख्या में वहां भीड़ जमा हो गई। टक्कर से आटो रिक्शा चालक अख्तर को चोटें आने से उसे सुबह करीब नौ बजे जिला अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया।


## जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड व अटल उद्यान का निरीक्षण

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नंबर वन बने इसके लिए नगर निगम द्वारा त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है। इसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड व करमदी रोड स्थित अटल उद्यान का निरीक्षण पीआइयू उज्जैन संभाग के डा. हिमांशु शुक्ला, सुशील व निगम अधिकारियों के साथ किया। निगम आयुक्त ने पीआइयू उज्जैन संभाग के डा. शुक्ला, सुशील को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे से बनाई जा रही खाद का अवलोकन कराया तथा कचरा पृथक्कीकरण व वृहद स्तर पर खाद बनाने के लिए चर्चा की। इसके अलावा कचरा पृथक्कीकरण हेतु लगाई गई फटका व बैलिंग मशीन का अवलोकन कर निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण व खाद बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ ..01.. दिनांक.....08/02/2021

# अब सायरन के साथ शुरु होगी शहर की सफाई

## व्यापारिक क्षेत्र में सुबह और दोपहर में सुनाई देगी सायरन की आवाज



रतलाम(आरएनएन)। शहर में सुबह और दोपहर के समय सफाई शुरु होती है, इसकी जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम रतलाम रविवार से एक नया प्रयोग शुरु करने जा रही है जिसके चलते सुबह 6.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे सायरन की आवाज सुनाई देगी। प्रथम चरण में यह प्रयोग व्यापारिक क्षेत्रों से शुरु किया जा रहा है।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नम्बर -1 बने इस हेतु सिविक सेन्टर स्थित मिटिंग हॉल (एसवीएम सेल) में आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि रविवार से नगर निगम का समूचा अमला शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु सौंपे कार्यों को प्रारंभ करें।

निगम आयुक्त ने इस दौरान कहा कि रतलाम को स्वच्छता के क्षेत्र में देश में नम्बर 1 बनाया जा सकता है बस इसके लिये मेहनत व लगन होना आवश्यक है साथ ही नागरिकों की सहभागिता इसमें महत्वपूर्ण है इसके लिये इस अभियान में शहर के अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ा जाये। बैठक में स्वच्छता रैंकिंग में रतलाम को नम्बर 1 बनाने की जानकारी देने आए विशेषज्ञों ने निगम अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीके सहज और सरल तरीके से समझाते हुए कहा कि स्वच्छता क्रांति में शहर के हर व्यक्ति को जोड़ा जाना चाहिए।

बैठक में 100 प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्कीकरण पर जोर दिया गया साथ ही नाले और नालियों में कचरा निपटान करने वाले लोगों पर स्पॉट फाईन जैसी कार्यवाही, लोगों की मानसिकता बदलने और लोगों को अपने आसपास का क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए भी प्रेरित किया जाये। बैठक में यह सुझाव दिया गया कि स्वच्छता में नवाचार करते हुए शहर के व्यापारिक क्षेत्रों में सुबह और दोपहर में होने वाली सफाई के दौरान सायरन बजाकर क्षेत्र के लोगों को सूचित किया जाए। 215